**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
**(अनुसूची - 'ए' मिनी रत्न - श्रेणी - 1**
**सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम), राजीव गाँधी भवन**
**सफदरजंग हवाई अड्डा**
**नई दिल्ली-110003**

# गेट GATE 2024 के माध्यम से कार्यपालकों की भर्ती

विज्ञापन संख्या: 02/2024/CHQ    दिनांक: 16.02.2024

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा), संसद के एक अधिनियम द्वारा गठित भारत सरकार का एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है जिसे देश में भूमि और वायु क्षेत्र दोनों में नागर विमानन अवसंरचना के सृजन, उन्नयन रखरखाव और प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाविप्रा को मिनी रत्न श्रेणी-1 का दर्जा प्रदान किया गया है ।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण निम्नलिखित पदों के लिए नीचे दिए गए मानदंडों के अनुसार पात्र उम्मीदवारों से भाविप्रा वेबसाइट www.aai.aero के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। किसी अन्य माध्यम (मोड) से किए गए आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## 1. रिक्तियां एवं आरक्षण

| पद कोड | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या एवं आरक्षण | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | यूआर | ईडबल्यूएस | ओबीसी (एनसीएल) | एससी | एसटी | पीडबल्यूबीडी (कुल रिक्तियों में शामिल) | | | |
| | | | | | | | | ए | बी | सी | डी व ई |
| 1 | कनिष्ठ कार्यपालक (आर्किटेक्चर) | 03 | 03 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 |
| 2 | कनिष्ठ कार्यपालक (इंजीनियरिंग-सिविल) | 90 | 40 | 06 | 22 | 15 | 07 | 00 | 06 | 02 | 08 |
| 3 | कनिष्ठ कार्यपालक(इंजीनियरिंग-विद्युत) | 106 | 52 | 11 | 20 | 16 | 07 | 00 | 08 | 03 | 10 |
| 4 | कनिष्ठ कार्यपालक (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 278 | 137 | 27 | 61 | 41 | 12 | 00 | 00 | 10 | 00 |
| 5 | कनिष्ठ कार्यपालक (सूचना प्रौद्योगिकी) | 13 | 08 | 01 | 03 | 01 | 00 | 06 | 00 | 00 | 00 |

प्रयुक्त संक्षिप्तियां: यू आर = अनारक्षित, ईडब्लूएस = आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग, ओबीसी (एनसीएल) = अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमीलेयर), एससी = अनुसूचित जाति, एसटी = अनुसूचित जनजाति, पीडब्ल्यूबीडी = बेंचमार्क दिव्यांगजन, पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी (ए), (बी), (सी), (डी) व (ई): कृपया संबंधित पोस्ट कोड के सामने बेंचमार्क दिव्यांगता की उपयुक्त श्रेणियां को देखें।

## बेंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए उपयुक्त चिह्नित पद

| पद कोड | कार्यात्मक आवश्यकताएं | पदों के लिए उपयुक्त दिव्यांगजन की श्रेणियां | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **ए** | **बी** | **सी** | **डी** | **ई** |
| 1 | एस, एसटी, डब्ल्यू, आरडब्ल्यू, एमएफ, सीएल, एसई, सी,एच, बीएन, एल, केसी, पीपी | -- | डी, एचएच | ओए, ओएल, डीडबल्यू, एएवी, ओएएल, बीएल, सीपी, एलसी,<br>एसडी /एसआई बिना कोई भी संबंध न्यूरोलॉजिकल /अंग संबंधी शिथिलता<br>(संबंधित न्यूरोलॉजिकल/ अंग संबंधी शिथिलता वाले एसडी/ एसआई को ओए, बीएल, ओएल, ओएएल की संबंधित श्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा ) | -- | एमडी शामिल श्रेणियां (ए) से (डी) |
| 2 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, सी, एच, केसी | -- | डी, एचएच | ओए, ओएल, डीडबल्यू, एएवी, एलसी,<br>एसडी /एसआई बिना कोई भी संबंध न्यूरोलॉजिकल /अंग संबंधी शिथिलता<br>(संबंधित न्यूरोलॉजिकल/ अंग संबंधी शिथिलता वाले एसडी/ एसआई को ओए, ओएल की संबंधित श्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा) | एसएलडी, एमआई | एमडी शामिल श्रेणियां (ए) से (डी) |
| 3 | एस,एसटी,डब्ल्यू, बीएन, एमएफ, एसई, सी, एल, पीपी, केसी, आरडब्ल्यू | -- | डी, एचएच | ओएल, डीडबल्यू, एएवी, एलसी,<br>एसडी /एसआई बिना कोई भी संबंध न्यूरोलॉजिकल /अंग संबंधी शिथिलता<br>(संबंधित न्यूरोलॉजिकल/ अंग संबंधी शिथिलता वाले एसडी/ एसआई को ओएल की संबंधित श्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा) | एसएलडी, एमआई | एमडी शामिल श्रेणियां (ए) से (डी) |
| 4 | एस, एसटी, आरडब्ल्यू, एच, सी, एसई, एमएफ, बीएन, | -- | -- | एएवी, डीडबल्यू (01.02.2008 से प्रभावी विमान अधिनियम, 1934 में संशोधन में संरक्षा सेवा के अधीन). | -- | -- |
| 5 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी | बी , एलवी | डी, एचएच | ओए, ओएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडबल्यू, एएवी,<br>एसडी /एसआई बिना कोई भी संबंध न्यूरोलॉजिकल /अंग संबंधी शिथिलता<br>(संबंधित न्यूरोलॉजिकल/ अंग संबंधी शिथिलता वाले एसडी/ एसआई को ओए, ओएल, बीएल, ओएएल की संबंधित श्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा) | एएसडी (एम) एसएलडी, एमआई | एमडी शामिल श्रेणियां (ए) से (डी) |

पदों के लिए उपयुक्त चिह्नित दिव्यान्गाताओं की विभिन्न श्रेणियों की परिभाषा आरपीडब्ल्यूडी (RPWD) अधिनियम**, 2016** के अंतर्गत परिभाषित की जाएगी ।

**प्रयुक्त संक्षिप्तियां:** एस = बैठना; एसटी = खड़ा होना; आरडबल्यू = पढ़ना व लिखना; सी = संप्रेषण; सीएल = आरोहण, डबल्यू = चलना, एसई = देखना, एमएफ़ = उंगलियों से परिचालन, बीएन = झुकना; पीपी = खींचना व धकेलना; एल = उठाना, एच = सुनना, केसी = झुकना और दबकना ।

बी = नेत्रहीन; एलवी = कम द्रिष्टि; डी = बहरा; एचएच = श्रवण बाधित, ओए = एक भुजा, ओएल= एक टांग, बीएल= दोनो टांगें, ओएएल= एक भुजा और एक टांग, सीपी = प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, एलसी = कुष्ठ उपचारित, डीडबल्यू= बौनापन, एएवी= एसिड हमला पीड़ित, एसडी /एसआई = रीढ़ की हड्डी में विकृति / रीढ़ की हड्डी में चोट, एएसडी (एम) = ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (अत्यल्प), एसएलडी= विशिष्ट अधिगम अक्षमता, एमआई= मानसिक रुग्णता, एमडी= बहु दिव्यान्गाता ।

## टिप्पणी

ए) रिक्त पदों की संख्या अनंतिम है और भाविप्रा के विवेकानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है ।

बी ) अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को आवेदन सत्यापन के समय निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिनांक 01.05.2024 को या इससे पूर्व में जारी जाति प्रमाण पत्र जमा करना है ।

सी ) ओबीसी श्रेणी से संबंधित लेकिन ' क्रीमी लेयर ' में आने वाले उम्मीदवार ओबीसी आरक्षण और आयु में छूट के हकदार नहीं हैं। उन्हें अनारक्षित श्रेणी के तहत आवेदन करना चाहिए।

डी ) ओबीसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को आवेदन सत्यापन के समय वित्तीय वर्ष 2024-25 में जारी एक वैध ओबीसी ( एनसीएल) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यह प्रमाण पत्र ओबीसी की केंद्रीय सूची में अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से संबंधित होने के समर्थन में भारत सरकार के तहत पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए। शैक्षिणक उद्देश्यों में प्रवेश के लिए प्रस्तुत किए गए ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र) पर विचार नहीं किया जाएगा।

ई) ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को आवेदन सत्यापन के समय डीओपीटी, पीपीजी एंड पी मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 31.01.19 के ओएम संख्या 36039/1/2019-स्थापना (आरईएस ) के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वैध आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

एफ ) बेंचमार्क दिव्यांग जन श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि उन्हें आवेदन सत्यापन के समय सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा 01.05.2024 को या उससे पहले जारी किया गया वैध दिव्यांगता प्रमाणपत्र जमा करना होगा ।

जी ) भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को आवेदन सत्यापन के समय डिस्चार्ज प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।

एच ) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र सहित सभी प्रमाण पत्र या तो हिंदी या अंग्रेजी में होने चाहिए। जाति प्रमाण पत्र में जाति नाम में किसी भी प्रकार की भिन्नता स्वीकार नहीं की जायेगी। हिंदी/अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किए गए प्रमाणपत्रों के लिए, नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित उसकी अनुवादित प्रति जमा करनी होगी ।

## 2. शैक्षणिक योग्यता

| पद कोड | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | संबंधित गेट 2024 टेस्ट पेपर |
|---|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ कार्यपालक (आर्किटेक्चर) | आर्किटेक्चर में स्नातक डिग्री एवं आर्किटेक्चर समिति से पंजीकृत | आर्किटेक्चर और योजना<br>गेट पेपर कोड - AR |
| 2 | कनिष्ठ कार्यपालक (इंजीनियरिंग-सिविल) | सिविल में इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री | सिविल- इंजीनियरिंग<br>गेट पेपर कोड - CE |
| 3 | कनिष्ठ कार्यपालक (इंजीनियरिंग- विद्युत) | इलेक्ट्रिकल में इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री | इलेक्ट्रिकल - इंजीनियरिंग<br>गेट पेपर कोड - EE |
| 4 | कनिष्ठ कार्यपालक (इलेक्ट्रॉनिक्स) | इलैक्ट्रॉनिक्स में विशेषज्ञता सहित इलैक्ट्रॉनिक्स/टेलिकम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रिकल विषयों में इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री | इलैक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन्स इंजीनियरिंग<br>गेट पेपर कोड - EC |
| 5 | कनिष्ठ कार्यपालक (सूचना प्रौद्योगिकी) | i) कंप्यूटर विज्ञान / कंप्यूटर इंजीनियरिंग / आईटी / इलैक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री<br>अथवा<br>ii) कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर (एमसीए) । | कंप्यूटर साइंस तथा सूचना प्रौद्योगिकी<br>गेट पेपर कोड - CS |

**टिप्पणी**

ए) डिग्री किसी मान्यता प्राप्त/डीम्ड विश्वविद्यालय या भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शीर्ष संस्थान (जैसे आईआईटी/आईआईएम/आईआईएमएस/एक्सएलआरआई/टीआईएसएस आदि) से होनी चाहिए। यूजीसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/एआईसीटीई अनुमोदित पाठ्यक्रमों से ओपन और डिस्टेंस मोड में प्राप्त डिग्री/डिप्लोमा (जैसा भी मामला हो) पर विचार किया जाएगा।

बी) अंकों का प्रतिशत: - स्नातक की डिग्री/ पी जी डिग्री/डिप्लोमा में जो भी लागू हो, उत्तीर्ण अंक या समकक्ष।

सी) उम्मीदवार जिनके पास बी.ई./बी. टेक/बी.एससी. (इंजीनियरिंग) डिग्री है उनको उस पद के लिए आवेदन करने की अनुमति है जिसके लिए अपेक्षित योग्यता इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री निर्धारित है।

डी) कट-ऑफ तिथि पर अंतिम सेमेस्टर (जहां सेमेस्टर-प्रणाली लागू है)/अंतिम वर्ष (जहां वर्ष-प्रणाली लागू है) में नामांकित उम्मीदवारों को आवेदन करने की अनुमति है, बशर्ते कि उनके पास आवेदन सत्यापन के समय अंतिम परिणाम होना चाहिए। ऐसा न करने पर, आगे की प्रक्रिया के लिए उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

ई) परिणाम की घोषणा/मार्कशीट जारी करने की तारीख को योग्यता प्राप्त करने की तारीख माना जाएगा और इस संबंध में कोई छूट नहीं होगी।

एफ) उम्मीदवार को आवेदन के प्रासंगिक कॉलम में प्राप्त अंकों का प्रतिशत **(**निकटतम दो दशमलव तक गणना**)** विशेष रूप से दर्शाना आवश्यक है। जहाँ विश्वविद्यालय द्वारा अंकों का प्रतिशत नहीं दिया जाता है लेकिन केवल सीजीपीए**/**ओजीपीए**/**डीजीपीए**/**सीपीआई आदि अथवा डिग्री में लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है**,** उस स्थिति में इन्हें इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए परिवर्तन मानदंडों के अनुसार अंकों के समतुल्य प्रतिशत में परिवर्तित किया जाएगा। उम्मीदवारों को आवेदन सत्यापन के लिए आमंत्रित किए जाने पर दस्तावेज सत्यापन के समय अंकों का समतुल्य प्रतिशत सुनिश्चित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा जारी समतुल्यता प्रमाण पत्र **/**दस्तावेज़ प्रस्तुत करना होगा।

जी) निर्धारित योग्यता के समकक्ष योग्यता रखने के किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। भाविप्रा के पास उपर्युक्त बताए गए विषयों से भिन्न मामले में इंजीनियरिंग संवर्ग को पात्र मानकर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार सुरक्षित है।

एच) जहां शैक्षिक योग्यता में अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है, ऐसे में उम्मीदवार को जारीकर्ता प्राधिकारी द्वारा (पत्र संख्या और तारीख के साथ) स्पष्ट रूप से अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता निर्दिष्ट करने वाला आदेश/पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। हालाँकि ऐसे उम्मीदवारों के चयन के संबंध में अंतिम निर्णय भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा लिया जाएगा।

आई) इंजीनियरिंग में एकीकृत मास्टर डिग्री के मामले में, उम्मीदवार को आवेदन सत्यापन के समय स्नातक डिग्री के समर्थन में एक प्रमाण पत्र और विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी अंकों का विवरण प्रस्तुत करना होगा।

## 3. आयु सीमा एवं छूट:

### ए) आयु सीमा

01/05/2024 को अधिकतम 27 वर्ष की आयु।

**बी) आयु में छूट**

(i) ऊपरी आयु सीमा में एससी/एसटी के लिए 5 वर्ष और ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट है।

इस विषय पर भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियां 'नॉन-क्रीमी लेयर' से संबंधित उम्मीदवारों के लिए हैं।

(ii) पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट दी गई है, जहां पद को अक्षमता की प्रासंगिक श्रेणी के लिए उपयुक्त रूप से पहचाना गया है, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा 2024 या उससे पहले जारी किए गए विकलांगता प्रमाण पत्र द्वारा समर्थित है।

(iii) भूतपूर्व सैनिकों के लिए, आयु सीमा में छूट भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार लागू होगी।

(iv) उन उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में अधिकतम 10 वर्ष की छूट है जो भाविप्रा की नियमित सेवा में हैं और प्रारंभिक नियुक्ति पर अपनी परिवीक्षा अवधि पूरी कर चुके हैं।

(v) मैट्रिक/माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्रों में दर्ज जन्मतिथि ही स्वीकार की जाएगी। बाद में जन्मतिथि में परिवर्तन के संबंध में किसी भी बाद के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

## 4. महत्वपूर्ण तिथियां

| विवरण | दिनांक |
|---|---|
| ऑन-लाइन आवेदन खुलने की तारीख | 02.04.2024 |
| ऑन-लाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 01.05.2024 |
| आवेदन सत्यापन की समय सारिणी | भाविप्रा की वेबसाइट www.aai.aero पर घोषित की जाएगी। |

## 5. पारिश्रमिक

i) **वेतन मान (आईडीए) :-**

**कनिष्ठ कार्यपालक ([ग्रुप-बी:ई -1 स्तर) :- रु. 40000-3%-140000**

ii) **परिलब्धियाँ: -** मूल वेतन के अतिरिक्त, महँगाई भत्ता, वार्षिक मूल वेतन में **3%** की दर से वेतन वृद्धि, मूल वेतन के **35%** की दर से अनुलब्धियाँ, मकान किराया भत्ता और अन्य लाभ जिनमें सीपीएफ, ग्रेच्यूटी, सामाजिक सुरक्षा योजना, चिकित्सा लाभ आदि शामिल है, भाविप्रा नियमों के अनुसार ग्राह्य होंगे।

वार्षिक कंपनी को लागत रुपये **13** लाख **(**लगभग**)** होगी ।

**टिप्पणी**

भाविप्रा में कार्यभार ग्रहण करने से ठीक पहले अन्य सीपीएसई/राज्य पीएसयू/सरकारी विभाग से उचित माध्यम से आने वाले पात्र उम्मीदवारों को वेतन सुरक्षा प्रदान की जाएगी। ऐसी वेतन सुरक्षा डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार प्रदान की जाएगी।

## 6. चयन प्रक्रिया

ए) आयु और अन्य सभी पात्रता मानदंड की गणना 01.05.2024 के अनुसार की जाएगी।

बी) केवल वे उम्मीदवार, जो संबंधित इंजीनियरिंग डिग्री/एमसीए के साथ संबंधित संवर्ग में "गेट" में उपस्थित हुए थे और जिन्होंने भाविप्रा के पोर्टल पर अपने आवेदन पंजीकृत किए हैं और सभी प्रकार से पात्र हैं, उन्हें भाविप्रा में आगे की चयन प्रक्रिया के लिए विचार किया जाएगा।

सी) आवेदन पत्र में दिए गए विवरण के आधार पर, उम्मीदवारों को पद के लिए लागू आवेदन सत्यापन के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। आवेदन सत्यापन की तिथि अलग से सूचित की जाएगी।

डी) आवेदन सत्यापन के समय मूल दस्तावेजों के साथ उम्मीदवारों के पात्रता दावों का सत्यापन किया जाएगा।

ई) आवेदन सत्यापन के लिए चयनित उम्मीदवारों की आवेदन संख्या केवल भाविप्रा वेबसाइट पर पोस्ट की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों के कॉल लेटर उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजे जाएंगे।

एफ) आवेदन सत्यापन के दौरान, उम्मीदवार को पहचान प्रमाण के साथ अपने मूल प्रमाणपत्र और प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी का एक सेट प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार की पहचान संदेहास्पद है या वह आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं है या दस्तावेजों में जानकारी का मिलान नहीं है, तो उसकी उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी। मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

जी) पहले से ही केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवारों को आवेदन सत्यापन के समय वर्तमान नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना आवश्यक है, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। अन्य दावे जैसे कि चयन की स्थिति में इस्तीफा देने का वचन, एनओसी/ त्याग पत्र के लिए आवेदन की स्वीकृत प्रति, अनुभव प्रमाण पत्र आदि पर एनओसी के स्थान पर विचार नहीं किया जाएगा।

एच) यदि कोई उम्मीदवार मूल दस्तावेजों के साथ आवेदन सत्यापन के लिए उपस्थित नहीं होता है, तो वह अनंतिम चयन के लिए पात्र नहीं होगा और उसकी उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी।

आई) आवेदन सत्यापन को अंतिम रूप देने पर, अनंतिम चयन आवेदन सत्यापन के लिए उपस्थित उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त गेट स्कोर के आधार पर तैयार की गई मेरिट सूची और पद के लिए निर्धारित अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन होगा।

जे) **टाई (बराबर अंक होने संबंधी) मामलों का समाधान :**

गेट में प्राप्त स्कोर को योग्यता के पहले निर्णायक कारक के रूप में लिया जाएगा अर्थात यानी उच्च स्कोर वाले उम्मीदवारों को उच्च रैंक दी जाएगी।

यदि एक से अधिक उम्मीदवार समान गेट स्कोर प्राप्त करते हैं, तो निम्नलिखित तरीकों को एक के बाद एक लागू करके टाई को हल किया जाएगा:

- जहां गेट स्कोर बराबर हैं, वहां अधिक उम्र के उम्मीदवारों को मेरिट सूची में ऊपर रखा जाएगा।
- जहां गेट स्कोर और जन्मतिथि दोनों समान हैं, अर्हक डिग्री में उच्च अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को मेरिट सूची में उच्च स्थान पर रखा जाएगा।

के) अनारक्षित श्रेणी पर लागू मानदंडों के आधार पर चयनित आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार को अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवार के बराबर माना जाएगा। आरक्षित श्रेणियों से संबंधित ऐसे स्वयं में योग्य उम्मीदवार जो अनारक्षित श्रेणी के अंतर्गत अनंतिम रूप से चुने गए हैं, उन्हें आरक्षित रिक्ति के विरुद्ध समायोजित नहीं किया जाएगा। हालाँकि, ऑनलाइन पंजीकरण में दर्ज उनकी मूल श्रेणी अपरिवर्तित रहेगी।

एल) नियुक्ति के लिए अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की आवेदन संख्या भाविप्रा वेबसाइट पर घोषित की जाएगी। नियुक्ति प्रस्ताव केवल अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर जारी किया जाएगा।

एम) कनिष्ठ कार्यपालक (इलेक्ट्रॉनिक्स) के पद के लिए चयनित उम्मीदवारों को लगभग 06 महीने की अवधि के लिए प्रशिक्षण से गुजरना होगा, जिसके दौरान उन्हें अन्य स्वीकार्य भत्तों के साथ मूल वेतन का भुगतान किया जाएगा। कनिष्ठ कार्यपालक (इलेक्ट्रॉनिक्स) के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान और प्रशिक्षण पूरा होने के बाद न्यूनतम तीन साल की अवधि के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की सेवा के लिए सात लाख रुपये की राशि का एक ज़मानत बांड निष्पादित करना होगा।

एन) उम्मीदवारों का चयन अनंतिम होगा, जो कि पात्रता मानदंड, चरित्र और पूर्ववृत्त से संबंधित दस्तावेजों तथा उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए अन्य दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन होगा और यह पद के लिए अपेक्षित चिकित्सा मानदंडों और भाविप्रा के नियमों के तहत नियुक्तियों के लिए लागू अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के अधीन भी होगा।

ओ) सफल उम्मीदवारों की नियुक्ति संबंधित अथॉरिटी से जारी किए गए आयु, योग्यता, जाति और चिकित्सा फिटनेस प्रमाण पत्र आदि से संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन होगी ताकि उम्मीदवार सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए पूर्णत :उपयुक्त हो।

## 7. सेवा शर्तें

सेवा शर्तें समय-समय पर भाविप्रा में प्रचलित नियमों और विनियमों के अनुसार लागू होंगी।
चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात या स्थानांतरित किया जा सकता है।

## 8. कदाचार के विरुद्ध कार्रवाई

(i) उम्मीदवारों को उनके हित में यह सलाह दी जाती है कि वे "ऑन-लाइन" आवेदन भरते समय ऐसे कोई भी दस्तावेज/जानकारी प्रदान न करें जो झूठे, हेर फेर किए हुए, मनगढ़ंत हो या किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को न छिपाएं। भाविप्रा ऐसी गलत/झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर उसके परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

(ii) भर्ती के किसी भी चरण में या बाद में, यदि कोई उम्मीदवार किसी कदाचार का दोषी पाया जाता है जैसे:

(ए) अनुचित साधनों का उपयोग करना या अनुचित तरीकों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करना;

या

(बी) किसी व्यक्ति का प्रतिरूपण करना या किसी अन्य के द्वारा प्रतिरूपण करना;

या

(सी) चयन प्रक्रिया के दौरान अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनियमित साधन का सहारा लेना;

या

(डी) अपनी उम्मीदवारी के लिए किसी भी रूप में सिफ़ारिश (कैनवास) करना/किसी भी तरह से अनुचित प्रभाव का प्रयोग करना;

या

(ई) झूठे प्रमाण पत्र/दस्तावेज़/सूचना प्रस्तुत करना या किसी भी स्तर पर किसी भी तथ्यात्मक जानकारी को छिपाना ;

या

(एफ) पद के लिए आवेदन करते समय या उसके बाद अपनी श्रेणी (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग(एनसीएल)/आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग/दिव्यांग जन/पूर्व सैनिक/भाविप्रा प्रशिक्षु) के बारे में मिथ्या जानकारी देना;

भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी को अविलम्ब खारिज/रद्द कर दिया जाएगा /भर्ती या जॉइनिंग के बाद सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा | इसके अतिरिक्त अन्य कार्रवाई/कानूनी कार्रवाई की जाएगी,जो भी उचित हो |

## 9. आवेदन कैसे करें

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और साथ ही ऑनलाइन आवेदन के मुख्य निर्देश पृष्ठ पर दिए गए सभी निर्देशों को भी ध्यानपूर्वक पढ़ें। उम्मीदवार को सही जानकारी भरना सुनिश्चित करना होगा। गलत/अमान्य जानकारी/अपूर्ण आवेदन/आवेदन शुल्क के बिना आवेदन भरने के मामले में, जैसा भी मामला हो, आवेदन अविलम्ब खारिज कर दिया जाएगा |

ए) उपर्युक्त पदों के लिए पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते है ।

बी) उम्मीदवार आवेदन पत्र भरने से पहले यह सुनिश्चित करें कि वह विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता/करती है और उसके पास इस विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यकताओं के अनुसार पात्रता संबंधी दस्तावेज हैं।

सी) वह जन्मतिथि, श्रेणी, उप-श्रेणी [एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/पीडब्ल्यूबीडी/ ईडब्ल्यूएस/भूतपूर्व सैनिक], लिंग, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर आदि जैसी जानकारी आवेदन पत्र को अंतिम रूप से जमा करने से पहले दोबारा जांच कर ले क्योंकि

आवेदन जमा करने के उपरांत कोई सुधार संभव नहीं होगा एवं बाद में किसी भी परिस्थिति में इसमें बदलाव नहीं किया जा सकता।

डी ) उम्मीदवारों को www.aai.aero पर "कैरियर" टैब के अंतर्गत उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा| किसी भी परिस्थिति में आवेदन प्रस्तुत करने का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार्य नहीं होगा|

ई) केवल वे उम्मीदवार जो निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और गेट (GATE) परीक्षा में उपस्थित हुए हैं, आवेदन कर सकते हैं।

एफ) ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार को अपनी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। एक बार पंजीकृत होने के बाद, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर बदला नहीं जा सकता है। उम्मीदवारों से सम्प्रेषण उनके पंजीकृत ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर पर किया जाएगा। इसलिए, उनकी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर वैध होना चाहिए जोकि भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रखा जाए। ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

जी) ऑन लाइन आवेदन आरंभ करने से पूर्व, उम्मीदवार निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज/सूचना अपने निकट रखें:

- पात्रता मानदंड के अनुसार,अंकों के प्रतिशत सहित उनकी शैक्षणिक योग्यता का विवरण /गेट (GATE) स्कोर कार्ड आदि।
- उनका व्यक्तिगत विवरण।
- उनका जाति /श्रेणी प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग/दिव्यांग जन/भाविप्रा का प्रशिक्षु प्रमाण पत्र)
- पूर्व सैनिक उम्मीदवारों के मामले में उनका सेवा मुक्ति (डिस्चार्ज) प्रमाण पत्र।
- उनकी नवीनतम पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो(जो 03 माह से अधिक पुरानी न हो)और हस्ताक्षर की स्कैन प्रति (नीचे दिए गए आयाम के अनुसार)। आवेदन सत्यापन के समय उपयोग के लिए उसी फोटो की तीन प्रतियां अपने पास रखें । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक अपनी ऐपिरिएन्स (appearance) न बदलें
- अपेक्षित आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए विवरण/दस्तावेज।
- पात्रता मानदंड से संबंधित कोई अन्य अपेक्षित विवरण/दस्तावेज़|

एच) ऑनलाइन आवेदन करते समय उम्मीदवार अपना नाम, पिता का नाम और जन्मतिथि केवल मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र के अनुसार ही दर्ज करें। बाद में नाम में परिवर्तन के मामले में, उम्मीदवारों को केवल ऑनलाइन आवेदन में अपना बदला हुआ नाम ही इंगित करना चाहिए। हालाँकि, अन्य विवरण मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र से मेल खाना चाहिए। आवेदन सत्यापन के समय राजपत्र अधिसूचना या कोई अन्य कानूनी दस्तावेज, जैसा लागू हो, प्रस्तुत किया जाए ।

आई) उम्मीदवार को GATE एडमिट कार्ड में दिखाई देने वाली अपनी सही GATE-पंजीकरण संख्या का उल्लेख करना होगा।

जे) उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन की अंतिम तिथि से पूर्व ऑनलाइन आवेदन करें, अंतिम तिथि तक इंतजार न करें ताकि इंटरनेट पर हेवी लोड/वैबसाइट जाम/ डिसकनैक्शन के कारण भाविप्रा की वैबसाइट पर डिसकनैक्शन/असमर्थता/ लॉग ऑन करने में असफलता की संभावना से बचा जा सके। जो उम्मीदवार ऊपर उल्लिखित कारणों के कारण या भाविप्रा के नियंत्रण से परे किन्हीं अन्य कारणों से अंतिम तिथि के भीतर अपने आवेदन जमा नहीं कर पाए, भाविप्रा उनके लिए किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं है ।

के) ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद, उम्मीदवारों को अंतिम रूप से सबमिट किए गए ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट लेना होगा और उसे अपने पास रखना होगा।

एल) उम्मीदवारों को किसी भी दस्तावेज़ या अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र को डाक या ईमेल के माध्यम से भेजने की आवश्यकता नहीं है।

एम) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वह किसी भी समाचारपत्र/वेबसाइट/मोबाइल ऐप आदि में प्रकाशित आने वाले किसी भी गलत विज्ञापन पर प्रतिक्रिया न करें। किसी भी सूचना की सत्यता की जांच के लिए,उम्मीदवार केवल भाविप्रा की वेबसाइट www.aai.aero पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन को ही देखें।

## 10. फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैनिंग के संबंध में निर्देश:

उम्मीदवार द्वारा अपनी फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन की गई छवि नीचे दिए गए विनिर्देशों के अनुसार अपलोड की जाए:

**i) फोटोग्राफ की प्रतिकृति:**

- फोटोग्राफ हाल ही का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो होना चाहिए (जो 03 महीने से अधिक पुराना न हो)|
- टोपी/हैट/काले चश्मे में फोटोग्राफ स्वीकार्य नहीं होगा। धार्मिक शिरोवस्त्र धारण करने की अनुमति है लेकिन इससे चेहरा नहीं ढका होना चाहिए।
- स्कैन की गई फोटोग्राफ की फ़ाइल का आकार केवल 20 केबी(kb)-50 केबी(kb) के बीच और इसका आयाम 200x230 पिक्सल (pixels)होना चाहिए।

**ii) हस्ताक्षर की प्रतिकृति:**

- आवेदक को सफ़ेद कागज़ पर काली स्याही के पेन से हस्ताक्षर करने होंगे।
- हस्ताक्षर की फ़ाइल का आकार **10** केबी**(kb)-20** केबी**(kb)** के बीच और इसका आयाम **140x60** पिक्सेल **(pixels)(**अधिमानित**)** होना चाहिए।

धुंधले/अस्पष्ट फोटोग्राफ/हस्ताक्षर वाले आवेदनों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

## 11. आवेदन शुल्क और प्रेषण का तरीका

ए) उम्मीदवारों द्वारा रु 300/-(रुपये तीन सौ मात्र) के आवेदन शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। अन्य माध्यम से जमा किया गया शुल्क स्वीकार्य नहीं होगा । तथापि,अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग जन/महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है| भाविप्रा में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा करने वाले प्रशिक्षुओं को भी आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है।

बी) आवेदन पत्र पेमेंट गेटवे के साथ संबद्ध है और भुगतान की प्रक्रिया को निम्नलिखित निर्देशों का पालन करते हुए पूरा किया जा सकता है।

सी) सबमिट बटन पर क्लिक करने पर,उम्मीदवार एसबीआई एमओपीएस भुगतान पोर्टल पर जाएंगे| उम्मीदवारों को अपेक्षित परीक्षा शुल्क इंटरनेट बैंकिंग/क्रेडिट/डेबिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना होगा। चयनित भुगतान के तरीके(mode of payment) के लिए लागू शुल्क/कमीशन का वहन उम्मीदवार द्वारा किया जाएगा।

डी ) भुगतान पूरा होने के बाद,उम्मीदवार पुन: स्वचालित रूप से आवेदन पोर्टल पर पहुँच जाएंगे| उम्मीदवार जमा किए गए आवेदन का प्रिंटआउट लें और भावी संदर्भ के लिए उन्हें इस प्रिंटआउट को अपने पास रखने की सलाह दी जाती है। भाविप्रा कार्यालय को प्रिंटआउट भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है।

ई) एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। डुप्लीकेट भुगतान,यदि कोई हो,आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात वापस कर दिया जाएगा।

एफ) अपने डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कृपया ट्रांसेक्शन पूरा होने पर ब्राउज़र विंडो बंद कर दें।

## 12. सामान्य निर्देश

ए) उपरोक्त पदों के आवेदन हेतु किसी अनुभव की आवश्यकता नहीं हैं ।

बी) आवेदन जमा करने से पहले, उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वह इस विज्ञापन में वर्णित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता/करती है| उम्मीदवारी पूरी तरह से अनंतिम है और भाविप्रा में उनकी नियुक्ति से पूर्व तथा पश्चात अन्य सत्यापनों के अधीन है |

सी) नियुक्ति से संबंधित संप्रेषण पंजीकृत ई-मेल आईडी पर किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आगे की अद्यतन सूचना के लिए नियमित रूप से अपने ईमेल अकाउंट/भाविप्रा वेबसाइट को देखते रहें |

डी) किसी भी आवश्यक दस्तावेज में स्वयं के, माता-पिता के नाम में या पता आदि में किसी भी विसंगति के मामले में उम्मीदवारों को एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

ई) किसी भी स्तर पर संप्रेषण प्राप्त करने में किसी भी नुकसान से बचने के लिए पत्राचार के अस्थायी पते को स्थायी पते के रूप में उल्लिखित नहीं किया जाए।

एफ) पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, पद पर चयन की विधि आदि के संबंध में भाविप्रा का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। उम्मीदवारों को न्यूनतम योग्यता और अन्य पात्रता मानदंडों को पूरा करने मात्र से आवेदन सत्यापन के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं होगा ।

जी) अयोग्य पाए गए और आवेदन सत्यापन के लिए नहीं बुलाए गए या चयनित नहीं होने वाले उम्मीदवारों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

एच) पहले से ही सरकारी / अर्ध सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम कर रहे किसी भी उम्मीदवार के पिछले रोजगार के वेतन/अवकाश वेतन / पेंशन अंशदान आदि संबंधी किसी भी देयता को,यदि कोई हो तो, भाविप्रा द्वारा वहन नहीं किया जाएगा ।

आई) **केवल वेबसाइट पर जानकारी** : उम्मीदवारों के साथ सभी पत्राचार ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा और सभी सामान्य जानकारी/भर्ती विज्ञापन में बाद में किए गए बदलाव, यदि कोई हो, केवल भाविप्रा वेबसाइट [www.aai.aero] के माध्यम से प्रदान की जाएगी। आवेदन सत्यापन के लिए कॉल लेटर /नियुक्ति प्रस्ताव/अन्य कोई सूचना प्राप्त करने, डाउनलोड करने और प्रिंट करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की होगी। उम्मीदवार द्वारा अमान्य / गलत ईमेल आईडी देने के कारण ईमेल प्राप्त न होने पर या समय पर अपने मेल / वेबसाइट नहीं देखने के कारण सूचना देरी से/ प्राप्त न होने के कारण होने वाले किसी भी नुकसान के लिए भाविप्रा जिम्मेदार नहीं होगा इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आगे की अद्यतन सूचना के लिए नियमित रूप से अपने ईमेल खाते/भाविप्रा वेबसाइट देखें ।

जे) उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रक्रिया के उल्लंघन करने पर या उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाने पर अथवा विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप न पाए जाने पर, पंजीकृत उम्मीदवारों की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण पर अथवा भर्ती/ज्वाइनिंग के बाद भी खारिज कर दी जाएगी। यदि वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान ऐसे मामलों का पता नहीं चल पाता है, परन्तु बाद में पता चलता है, तो ऐसी अयोग्यता पूर्वव्यापी प्रभाव से प्रभावी होगी।

के) किसी भी विवाद के लिए क्षेत्राधिकार न्यायालय दिल्ली में होगा |

एल) पात्रता संबंधी सलाह लेने हेतु की गई किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा ।

एम) इस भर्ती से संबंधित सभी मामलों में भाविप्रा का निर्णय अंतिम होगा और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

एन) भा.वि.प्रा. के पास आवश्यकता पड़ने पर इस भर्ती प्रक्रिया को कोई नोटिस जारी किए बिना/कोई भी कारण बताए बिना संशोधित/परिवर्तित/प्रतिबंधित/बढ़ाने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। भा.वि.प्रा. प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा

ओ) भाविप्रा के पास कोई भी कारण बताए बिना न्यूनतम पात्रता मानकों को बढ़ाने के अधिकार के साथ-साथ उपरोक्त सभी या किसी भी रिक्त पद को भरने या नहीं भरने का अधिकार सुरक्षित है।

पी) चयनित उम्मीदवारों को छोड़कर किसी अन्य को परिणामों के बारे में कोई अलग से सूचना नहीं दी जाएगी।

क्यू) भर्ती प्रक्रिया में कुछ प्रशासनिक समस्या होने की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता है, जिससे चयन प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। ऐसी स्थिति में,ऐसी किसी भी समस्या को दूर करने के लिए यथासंभव प्रयास किए जाएंगे,जिसमें आवश्यकता होने पर भर्ती को रद्द करना भी सम्मिलित है।

आर) विज्ञापन के संबंध में कोई भी विवाद होने पर, भाविप्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण को वैध माना जाएगा।

एस) किसी भी अंतरिम पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।

……………………………………………………………